कार्यालय–जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई के प्रांगण में स्थित **कैन्टीन, फल की दुकान, साइकिल स्टैन्ड एवं फोटोकापी मशीन की दुकान** के लिये वित्तीय वर्ष 2023–2024 (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024) तक की अवधि के लिये ठेके की नीलामी **दिनांक 13.04.2023** को दिन 11.00 बजे से 01.00 बजे तक न्याय भवन के सभा कक्ष में होगी। इच्छुक व्यक्ति ठेका की बोली लगाकर लाभ उठाये। धरोहर की राशि मु0 10,000=00 रूपये प्रत्येक ठेके के लिये बोलीकर्ता द्वारा बोली बोलने के पूर्व अमीन, सिविल कोर्ट उरई के पास उसी दिन जमा करनी होगी। प्रत्येक ठेके के लिये बोली बोलने वाले व्यक्ति की धरोहर राशि मु0 10,000=00 रूपये जमा होगी, केवल अधिकतम बोलीकर्ता की धनराशि जमा रहेगी शेष की, जो नीलामी की कार्यवाही समाप्त होने के बाद वापस होगी।

नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को आधी रकम तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष रकम दिनांक 01.07.2023 को जमा करनी होगी।

(क) बोली बोलने वाले व्यक्ति बकायादार एवं काली सूची के अन्तर्गत न आता हो।

(ख) बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जिला जज, जालौन स्थान उरई के पास सुरक्षित रहेगा।

(ग) बोली बोलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कोई आपराधिक मामलापंजीकृत न हुआ हो और न ही लम्बित हो। इस तथ्य का शपथ पत्र प्रत्येक बोलीकर्ता को बोली बोलने से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त नीलामी की सूचना माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट **"www.allahabadhighcourt.in"** व जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई की वेबसाइट **" ecourts.gov.in/jalaun"** पर भी उपलब्ध है।

दिनांक: 31.03.2023

(विजय बहादुर यादव)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश(पाक्सो एक्ट)
जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई।

प्रतिलिपि सेवा में:–

1. कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन स्थान उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
2. अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
3. अधिशासी अभियन्ता सा0नि0वि0, उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4. अमीन सिविल कोर्ट को तुरन्त मुनादी एवं विस्तृत प्रचार एवं प्रसार कराने हेतु।
5. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जजशिप उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
6. दैनिक कर्मयुग प्रकाश उरई को प्रकाशन हेतु।
7. दैनिक अग्नि चरण उरई को प्रकाशन हेतु।
8. जनपद न्यायालय हमीरपुर।
9. जनपद न्यायालय कानपुर देहात।
10. जनपद न्यायालय कानपुर शहर।
11. जनपद न्यायालय झाँसी।
12. जनपद न्यायालय औरैय्या।
13. वाह्य स्थित न्यायालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
14. जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई को निःशुल्क प्रचार प्रसार करवाने हेतु।

दिनांक: 31.03.2023

(विजय बहादुर यादव)